प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना' और 'कृषोन्नति योजना' को दी मंजूरी : रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन के बोनस को भी कैबिनेट से मिली सहमति।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त : देशभर के 9 करोड़ से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ।
3. केंद्रीय राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया ने कानपुर में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के 89वं स्थापना दिवस समारोह का किया शुभारंभ : कहा– चीनी के क्षेत्र में देश ने छुई नई ऊंचाइयां।

और

4. मिर्जापुर में सड़क दुर्घटना में दस लोगों की मौत : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री ने जताया शोक।

——————

किसानों की आमदनी बढ़ाने और मध्यम वर्ग के लिए खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने का फैसला लेते हुए केन्द्र सरकार ने कृषि से संबंधित दो योजनओं को मंजूरी दी है। इनमें पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना शामिल है। कल आयोजित हुई कबिनेट की बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि राज्यों के

साथ मिलकर केन्द्र सरकार इन दोनों योजनाओं पर एक लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च करेगी। इसमें पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना पर सत्तावन हजार चौहत्तर करोड़ बहत्तर लाख रूपये आर कृषोन्नति योजना पर चौवालीस हजार दो सौ छियालीस करोड़ नवासी लाख रूपये खर्च होंगे। बाइट.......

*दो बडे एलिमेंट्स हैं—एक तो है पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और दूसरी है कृषि उन्नती योजना। आप दोनों के दोनों इन पिलर्स में देखेंगे कि नौ—नौ एलिमेंट्स हैं। इनमें से कई चीजें ढंग से देखेंगे तो उनका सीधा—साधा एकदम सीधा कनेक्शन है, किसानों के इनकम से, सस्टेनेबल फार्मिंग से, एग्रीकल्चर के प्रोडक्शन से और साथ ही साथ हमारे मीडिल क्लास परिवारों की थाली से।*

बैठक में किसानों के लिए किए गए फैसलों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि कैबिनेट में किसानों के हित में लिए गए फैसलों स किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को मज़बूती मिलेगी। वहीं इन फैसलों पर प्रदेश के किसानों ने खुशी जताई है। बाराबंकी के किसान अर्जुन ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा.......

*केंद्र सरकार जो भी नई योजनाएं लायी है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और फसल को सुरक्षा मिलेगी जो फसल खराब हो जाती थी। बारिश के कारण या किसी आपत्ति के कारण उसमें किसानों को मदद मिलेगी सरकार की तरफ से और कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा मिलेगा ज्यादा फसलें*

*होंगी उभरती चुनौतियाँ जैसे पोषण सुरक्षा कीट लग जाते हैं फसल में उससे फसल बर्बाद हो जाती है तो इससे किसान अपनी फसल को आसानी से बचा पाएगा ताकि इसकी फसलों का टिकाऊ उत्पन्न रहे और ज्यादा से ज्यादा फसल की उत्पत्ति हो।*

बैठक में एक अन्य प्रमुख फैसले के तहत रेलवे कर्मचारियों को आने वाले त्यौहारों के पहले अठहत्तर दिनों का बोनस देने का निर्णय किया गया है। इसके तहत कर्मचारियों को अधिकतम सत्रह हजार नौ सौ इक्यावन रूपये मिलेंगे।

इसके अलावा कैबिनेट बैठक में मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया, और बंगाली भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं के रूपमें मंजूरी दी गई है।

——————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 5 अक्टूबर को महाराष्ट्र के वाशिम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त जारी करंगे। इस कार्यक्रम में देश भर के 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को डीबीटी के माध्यम से 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में 732 कृषि विज्ञान केंद्रों, 1 लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और देश भर के 5 लाख सामान्य सेवा केन्द्रों समेत लगभग 2.5 करोड़ किसान वेबकास्ट के माध्यम से शामिल होंगे। निधि जारीहोने के दिन को पीएम–किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए राज्यों और केंद्र शासित

प्रदेशों में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 24 फरवरी 2019 को लॉन्च की गइ पीएम–किसान योजना तीन बराबर किस्तों में भूमिधारक किसानों को सालाना छह हजार रुपये प्रदान करती है। इस कार्यक्रम से देश भर में 11 करोड़ से अधिक किसानों को सहायता मिलती है।

———————

केंद्रीय राज्यमंत्री निमुबेन जयंतीभाइ बांभणिया ने आज कानपुर में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के 89 वे स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उन्होंने चीनी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे किसानों को सम्मानित किया साथ ही अत्याधुनिक उपकरण युक्त टिश्यू कलचर लैब का शिलान्यास किया । इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि चीनी के क्षेत्र में हमारे देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की के नए आयाम हासिल कर रहा है। बाइट.........

*सरकार के प्रयासों से एथेनॉल उत्पादन को गति मिली है और हम एथेनॉल ब्रांडेड पेट्रोल प्रोग्राम को सही तरीके से आगे बढ़ा रहा आज हमारा देश नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर तरक्की के नए आयाम हासिल कर रहा है।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यू्ट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी में कल शाम एक शिक्षक दंपती और उनकी दो बेटियों की गोली मार कर की गई हत्या का संज्ञान लेते हुए कड़ी कारवाई के निर्देश दिए हैं। रायबरेली के गदागंज थाना क्षेत्र के निवासी सुनील कुमार, उनकी पत्नी पूनम भारती और दो बेटियों को कुछ अज्ञात लोगों ने उनके घर में घुसकर गोली मार दी। घायलों को पास के अस्पताल में ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वारदात के पीछे आपसी रंजिश मानी जा रही है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

——————————

मिर्जापुर–वाराणसी सीमा पर कछवां थाना क्षेत्र के कटका पडाव के पास कल रात एक ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉली के बीच टक्कर होने से कम से कम दस लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गये। जिले के एसपी

अभिनंदन ने बताया कि भदोही में निर्माण कार्य से लौट रहे 13 मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली का एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मिर्जापुर से सांसद अनुप्रिया पटेल ने घटना पर गहरा दुख जताया है। राज्य सरकार ने मृतकों को दो–दो लाख रुपए देने की घोषणा भी की है।

वहीं गोंडा में कल रात एक कार के पेड़ से टकराने के कारण चार लोगों की मौत हो गई है। कार में सवार लोग खरगूपुर की ओर जा रहे थे।

—————————

बिजनौर के चांदपुर और स्याऊ गांव में कुट्टू का आटा खाने से 150 से अधिक लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गये। सभी को अलग–अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। नवरात्रि व्रत के कारण लोगों ने यहां की दुकानों से कुट्टू का आटा खरीदा था। वहीं मेरठ के ब्रह्मपुरी टीपी नगर, मलियाना समेत कई इलाकों में कुट्टू के आटे स बने

व्यंजंन खाने से करीब 160 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रशासन ने मामले की जांच के लिए कुट्टू के आटे का सैंपल लिया है।

---

अमरोहा के मन की बात रेडियो संग्रहालय को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संग्रहालय का ज़िक्र अपने मन की बात कार्यक्रम में किया था। इस संग्रहालय में अलग अलग मॉडल के 1257 यूनीक रेडियो सेट संरक्षित है। संग्रहालय में सबसे छोटा 3 इंच और सबसे बड़ा एक मीटर का रेडियो मौजूद है। अमरोहा के गजरौला में मौजूद इस संग्रहालय को राम सिंह बौद्ध ने बनाया है। उन्होंने बताया कि इस संग्रहालय की प्रेरणा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से मिली है।

बाइट.........

*मेरे इस रेडियो संग्रह का मन की बात रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सातवीं कड़ी में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा उल्लेख किया गया तब से मुझे काफी प्रसिद्धि मिली है और उसी के बाद से ही मैंने गिनीज बुक को ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड को अपना आवेदन किया और अब मुझे जो है। बारह सौ सत्तावन रेडियो का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है जो की मुझे बहुत बड़ी खुशी है भारत वर्ष में कोई रेडियो संग्रहालय नहीं था और इसे जो है रेडियो संग्रहालय की गज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हुई है जो की मेरे लिए और देश के लिए बहुत उपलब्धि है।*

---

लखनऊ में आज से ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू हॉकी प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में देश भर से 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। वहीं एटा में 68वें युवा खेल प्रतियोगिता समारोह का उद्‌घाटन आज केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने किया। इस प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के 12 सौ के क़रीब छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया।

(समाप्त)